बीबीजे कंस्ट्रक्शन कंपनी ने किया आजादी के अमृत महोत्सव का आयोजन

कोलकाता, 20 जनवरी (जनसत्ता)।

बीबीजे कंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड ने 10 से 16 जनवरी के बीच आजादी के अमृत महोत्सव का आयोजन किया। हफ्ते भर चलने वाले इस आयोजन का आगाज कंपनी के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक सुंदर बनर्जी ने दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया। इस अवसर पर उन्होंने केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री महेंद्र नाथ पांडे का संदेश भी पढ़ा। इस अवसर पर कंपनी के निदेशक (वित्त) मुकेश कुमार ने भारी उद्योग मंत्रालय में राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर का संदेश पढ़ा। आयोजन के दौरान स्वतंत्रता की 75 साल से जुड़ी यात्रा से जुड़े कई कार्यक्रम आयोजित किए गए।